Shri Rahul Gandhi

In Conversation

with,  Prof. Muhammad Yunus,

Founder, Grameen Bank

| | |
|---|---|
| RG<br><br>MY | How are you Professor? So nice to see you after such a while!<br><br>Well, I'm so happy that I get a chance to see you. |
| RG | One of the reasons, I wanted to speak to you is because, you understand finances of poor people, and the impact of poverty on women. So I wanted to get a sense form you, on how this COIVD crisis and the ensuring economic crisis going to affect the poor, their availability of credit and the women among the poor. What are your thoughts and how should we think about this going forward? |

| | |
|---|---|
| MY | It’s the same old story, it’s not new that I’ve been raising this issue. The financial system is designed in a very wrong way. So Coronavirus what it has done, is revealed the weaknesses of the society in a very ugly way you can see it now. These are hidden away into the society, we get used it, the poor people are there, migrant workers are in the city, hiding in the city. We have out people working for us, cooking food for us, security person, darwaan for us, they are taking care of our children. We knew them. But suddenly we see millions of them on the highway trying to go home. Suddenly all the city migrant workers are coming out of the city in a big crowd and going out. For a simple reason, they have nothing here, no life here, no money here to survive. SO ultimate place they can go back to is their home. So desperately they are going home. And then on foot, thousand mile journeys. That is the saddest part that Coronavirus has revealed.<br><br>So we have to recognise these people. Economics doesn’t recognise these people. They call it informal sector. Informal sector means we have nothing to do with them, they are not part of the economy. Economy begins with the formal sector, we are busy with formal sector.<br><br>If we can only finance them, we can take care of them, pay attention to them, they’ll be moving up the ladder. Because they have the basic ingredients and they know how to fight for their lives. But we ignore them.<br><br>Then comes the women. Women are the remotest of all. Looking at the structure, this is the lowest in the structure. They have no voice, nothing in the society, traditions make them completely separate. They are the basic strength of the society. All the entrepreneurial |

| | |
|---|---|
| RG | I mean the tragedy of course is, that countries like Bangladesh, countries like India, these are the biggest assets. These micro entrepreneurs, they are the future. That's where the money is going to be, there is where the growth is going to be. But for some reason the system is not interested in looking at them at all. For the system they don't exist. |
| MY | Absolutely. We followed the Western way of doing things in their financial system, in the economic system. So we didn't think about the vibrant capacity of the people, countries like India, Bangladesh in the region. They have tremendous tenacity to do things and make things happen. Very creative way. That creativity has to be admired and supported. But government stayed away, it's the informal sector, you have nothing to do.<br>Rural economy has become an appendix to the urban economy. Again, a traditional western way of looking at the urban economy is the hub of activities, the rural economy is the supplier of the labor- it's the labour producing Factory. And they will be sending to their people to the cities to find a job, if you don't find a job you have a bad luck and you are locked there inside the city.<br><br>Why can't we have the economy of the rural area built as a separate parallel economy ,autonomous economy. Rather than have an appendix like that today. Today, the situation has changed than 100 years back. Technology has given us facility which never existed before. Cities were important because it had the infrastructure. Rural areas didn't have the infrastructure.<br><br>Today, infrastructure Is not limited to urban areas. You have the telecommunications, you have the road, you have the transportation, the communications. So everything is there. So what is it that you have to go to the city to? |

| | |
|---|---|
| RG | But if you look at the way technology is going, decentralization, the mobile phone, the computer basically getting spread all over the world entering different niches. Probably you're looking at a future that looks very much like you're saying. Because 20 years ago, you could possibly utilize the rural economy to do some other type of jobs that it is that is required today. Whereas with technology there is no reason why disaggregated, decentralized manufacturing can't take place in rural environment. However, you would need to restructure the education system completely. You would need to restructure the Healthcare System completely. You would basically have to restructure the whole thing, If you want to move in that direction. I don't think you can think in the same way and achieve what you're saying. I don't think it's possible. So yeah, I think it's a completely new page that you're talking about. I don't think it's a incremental thing. |

| | |
|---|---|
| MY | Yeah, that's again another point I want to turn the line because of the Corona pandemic. I said Corona pandemic suddenly stopped the whole machine, the entire economic machine. Now the whole thrust is coming over how quickly we can go back to where you were coming from. I said, what is the hurry to go back? Should we at all go back? Because that world was a very horrible world. It was creating world with global warming and giving us a kind of countdown when the world will be finished in a few years, in a couple of decades three decades The world will be at a stage where nobody can survive anymore.<br><br>Why do we have to go back to that world and why we have to go back to the world with global warming, with wealth concentration. Wealth in that world is moving to too few hands in the most of the people have nothing to do with that wealth anymore. So why do we have to go back to that system to create wealth concentration? Why do you have to go back to that world where artificial intelligence is taking away jobs for everybody. All the massive unemployment that will be created in the next few decades, do we have to go back to it? As a going back will be suicidal. So this coronavirus has given us a chance to think new. Opportunity to make a break. So the point here is we are not thinking about it, that's what the point you raised. We got so used to it now. Suddenly we said, ah, we got an opportunity. Now, let's go different way. And these are the different ways. Unless we take those bold decision, this is the time to take (unclear word) decision, outrageous decisions right now. It's not just about sitting quietly go back to the where we were, and kind of celebrate that we are back again, our doors, our shops are open. |

| | |
|---|---|
| RG | This model is not an Indian model or a Bangladeshi model. This is a completely western model that we have adopted lock stock and barrel. In fact we have aped this model and realized that this model is not all it seems. This model has serious problems. This model has serious contradictions it destroys the environment, it destroys societies? And I mean if I think about Mahatma Gandhi, he 78 years ago was saying that we need we need to think about the rural economy. We need to think about our traditional structures. Now, of course, we've had a journey and that's an important journey but I think the idea of rethinking some of these designs based on, you know, an Indian structure, a Bangladeshi structure and Asian structure would be quite a powerful thing. So I think I agree with you that the game needs to be equalized for rural people and a imagination in Corona gives us an opportunity to have a brand-new imagination which is which comes from within us as opposed to from outside us. |
| MY | Just one little amendment to that. Absolutely agree basic thrust of it. This is not an Asian phenomenon. This is not an Indian phenomenon. This is not a Bangladeshi phenomenon. This is a global phenomenon. Absolutely. The proof is when we started Grameen Bank in Bangladesh lending money. They thought this is a Bangladeshi phenomenon, that this is crazy country, they do crazy things. It suddenly they became an Asian phenomena. They do crazy things. Now, it's a global. Because it's not the problem of Bangladesh alone. |

| | |
|---|---|
| RG | But Yunus Ji, there are flavors that are local. So for example, I visited you in Bangladesh and the Bangladesh flavor. I agree that the central problem is the same but the flavor and the solution is slightly different based on the culture of the place. For example, we have a we have a caste based society. We have a completely different type of structure then say the United States which doesn't have a caste. based society. So our structures that emerge are slightly different even though the problem is the same. |
| MY | I would agree basic thing is the same, you have the caste system USA has a race system worse than the caste system. You cannot compete with each other. So with it comes in a different shapes and sizes and colors that's all. The human culture is the basic culture. We have to go back to the human culture. We all belong and that's what happened with the poor women start joining Grameen bank group they're not thinking she belongs to this religion, I belong to that religion. They don’t care which religion they are in. They are in the same group five women from different religion, getting together, working together, become very close friends.<br><br>So the fault is in the design of the environment what you have created around him, around her. So this is the time that coronavirus has put them all into sleep. So don't wake them up, create new system. Bring up new system make the beginning of the new system. Thousand-mile journey starts with the first step. Let’s take that first step during the Coronavirus. A very determined first step. |

| | |
|---|---|
| RG | So the heart of what you're saying is that you have to trust and believe in people. That’s the foundation, you start by trusting believing in them, having faith in them and then build institutions that empower that trust? Yeah, exactly. Versus now when we don't trust you, you are poor so you don't understand anything. Instead you're poor, we understand that you understand everything that needs to be understood. We just are going to give you the supporting mechanism that is going to allow you to thrive and grow. |
| MY | Absolutely, and again my experience in Grameen Bank you visited Us in 2008 if you remember. And you visited for four-five days, not just one day. How do we do that? What was the basis of that? People were shocked that we are giving so much money in their hand. 1000 rupees for them is a big-money. 2,000 and 10,000 is a big money for them. Those who handled only 10, 20 taka, rupees and now you are giving them 1000.<br><br>Well I said, we believe in them, we believe in their capacity and they believe in us. It's a mutual trust. We don't need any papers. In the entire Grameen system, there is no paper. There is no collateral and I say make fun of it. I say Grameen bank is the only bank in the world, which is lawyer free. We have no legal papers or anything. So if bank can function on trust, it showed the basic strength of the people. When billions of dollars are given away every year as a loan and comes back with interest, then you become a strong organization. Flood comes, Cyclone comes, everything gets washed away, the Grameen Bank becomes stronger. |

| | |
|---|---|
| RG | But look I have a personal experience of this and and I think you're exactly and sort of you will understand what I'm saying. I came to see you and you know what we built in Uttar Pradesh, the huge institution involving millions of women. And then I found aa extremely powerful organization, millions of women empowered millions of women pulled off poverty. Then I found myself with a government that decided to attack it. So I agree with you but there is a piece missing in what you're saying, which is the political reality, which is that these systems that you built, which in a very small way I built in Uttar Pradesh, it disturbs people and then they come to destroy it and you know, you'll understand where I'm coming from. So I will challenge you and I'm sure you'll give me an answer. In this environment, where other institutions other political instruments are attacking the type of institution that you are talking about building. How do you defend it? And how do you build it? What are the type of elements that you need to have embedded in it, that can either work with or co-opted these other institutions that are in a sense competitors. |
| MY | Some institution like government has tremendous power to destroy things and push things away from the action and so on. But my position is, if you're if you're doing something for people and people liked it and people enjoy it. No matter how powerful you are, It's a temporary dislocation, right? This will come back. You cannot stop it because it worked for people and if it is spreads and you stop it in Uttar Pradesh, in other States and places they will spring up. With more strength than you have tried because it will come back with a big force and revive again. Because it works for people. It is indestructible. Good ideas are indestructible. |

| | |
|---|---|
| MY | But how do you feel about going back? Are you trying to bring out bailout packages and make sure that all the big Industries get back again to directions or this is a time to think a little bit. How do you… |

| | |
|---|---|
| RG | I think the immediate issue in India, massive issue was the migrants issue. Yeah. You know, what you call the micro entrepreneurs, who are suddenly found stranded, found themselves stranded and I spoke to quite a few of them and I saw first-hand what they were going through, literally their world had just fallen apart and they were forced to go back to their Village. So the first aspect of it was trying to look after those people immediately, and our perspective was give them food, give them cash injection directly to keep them, to keep them, afloat. The government had a different view. They didn't really do that. They sort of didn't feel that that was necessary. Then we have this big crisis of millions of people going home walking thousands of miles. I suspect you had it in Bangladesh as well, but I completely agree with you. I have, I think that if you don't come out of Corona with a new imagination, you've missed a huge opportunity both as an individual and as a nation. I think what Corona is telling you is that what you have been doing so far is problematic and as you're saying reset. Start with a blank page and start with a new imagination, of course, you can't make a jump like that in governance ~~and stuff like that,~~ but at least the mind should go there and then ~~and then~~ the rest of the institutions and other things will follow. So I completely agree with you that that if there's ever been a time for a change in imagination. I think the world changed its imagination after the World War II, the last time the real big imagination change and I think Corona is such an opportunity that we can just reimagine things and rebuild them. ~~And I think,~~ I also think that countries like ours have a bigger opportunity than other countries simply because we have so much more room to play with, so many more younger people, and we have a lot more to build than say the Western World which has already built a lot |

| | |
|---|---|
| MY | One more question I wanted to ask about again because you have the context of huge big country and huge big Nation. What would you see the next Generation, second generation in India, will see the world like, we in that part of the dream of the world that the you want to give to the second generation and third generation of India. Is this the path that you're pursuing? Like the reason I'm asking this, all the teenagers marching on the street all over the world, "Friday's for future", accusing their parents that, you destroyed our life, you are totally responsible creating a world of global warming and you're not paying any attention whatsoever, whether we will survive or not, is our life interest. Do you feel the same way that the young people are feeling or… |
| RG | See in India, in India there is a clear feeling that something has gone very wrong, that feeling is there in the people and particularly in the young people that something has gone wrong. Something is not working and they can also, see the thing that pinches in India the most is the difference between the rich and the poor, is just astronomical and it is so in your face that it is it is there in poor people's face every day every day every day. So that is, that disturbs people. And so there is a sense that there is a something new is required a new imagination is required. And I think that what we are working on that as an opposition working on helping sort of flesh out what that new imagination would look like. |

| | |
|---|---|
| MY | Same problem. Billionaires are growing here. You know where numbers of billionaires are growing and very strange in a country like Bangladesh or India have high growth rate of billionaires in numbers.. Growing very fast rate. So that means that wealth has only One direction, grows in a very fast way if you can use all the political understanding among the people that we can get together. It disappears because of the anger it generates. I work hard. I don't hear anything. I have to go miles to find my livelihood somewhere else and I can't feed my family or feed my children, I have to stay away from my children, stay away from my family to make a living for myself and my family. So that anger kind of take over the whole society completely. |
| RG | So at the heart of what you're saying, you're questioning the concept of greed. |
| MY | Everything that we have done is to fuel the greed and then we destroyed the whole world.<br>So this is the chance I said, Corona has given us a chance to reflect, to see how big bold decisions can be taken, these are bold decisions. In normal situation will not pay attention to all these items. We are so busy making money. So I said coronavirus gave us a respite, gave us a window of thinking and we have a choice now whether we go to the terrible world which is going to destroy itself anyway, or we go someplace else which can build a new world where they will be no global warming, no wealth concentration, no unemployment, it is possible. |

| | |
|---|---|
| RG | Well, thank you very much for your time and will not take anymore of it, but it's always a pleasure. Any chance of you coming here. |
| MY | Well let Corona go down. |
| RG | When it goes down, we look forward to seeing you. All my love to everybody in the family and the organization. |

Shri Rahul Gandhi

In Conversation

with,  Prof. Muhammad Yunus,

Founder, Grameen Bank

| | |
|---|---|
| RG<br>MY | आप कैसे हैं प्रोफेसर? बहुत दिन बाद आपको देखकर अच्छा लगा!<br>मैं ठीक  हूँ। मुझे भी अच्छा लग रहा है। |
| RG | एक महत्वपूर्ण कारण जिसके चलते मैं आपसे बात करना चाहता था, क्योंकि आप गरीब लोगों की आमदनी और महिलाओं पर गरीबी के प्रभाव को समझते हैं। इसलिए मैं आपसे जानना चाहता हूं कि कोविड और आर्थिक संकट गरीबों, उनकी ऋण उपलब्धता और गरीब महिलाओं को कैसे प्रभावित करता है। आपके क्या विचार हैं और हमें इस बारे में कैसे सोचना चाहिए? |

| | |
|---|---|
| MY | यह वही पुरानी कहानी है, मैं कोई नई बात नहीं कह रहा हूँ। वित्तीय प्रणाली को बहुत ही गलत तरीके से तैयार किया गया है। तो कोरोनोवायरस ने समाज की कमजोरियों को बहुत ही कुरूप तरीके से प्रकट किया है, जिसे आप अभी देख सकते हैं। ये उस समाज से दूर हैं, जहां हमें इनकी जरूरत पड़ती है। गरीब लोग हैं, शहर में प्रवासी मजदूर हैं। हमारे लिए काम करने वाले लोग, खाना बनाने वाले, सुरक्षाकर्मी, हमारे दरबान जो हमारे बच्चों की देखभाल कर रहे हैं। हम उन्हें जानते थे। लेकिन अचानक से हम उनमें से लाखों को घर जाने की कोशिश में हाइवे पर देखते हैं। अचानक शहर के सभी प्रवासी मजदूर बड़ी भीड़ में शहर से बाहर आ रहे हैं और बाहर जा रहे हैं। साधारण सा कारण है कि उनके पास यहाँ कुछ भी नहीं है, यहाँ कोई जीवन नहीं है, कोई पैसा नहीं बचा है। अंततः वे अपने घर ही वापस जा सकते हैं। इसलिए वे हताश होकर घर जा रहे हैं। हजारों मील पैदल चलकर। यह सबसे दुखद हिस्सा है, जो कोरोनोवायरस की वजह से बाहर आया है।<br><br>इसलिए हमें इन लोगों को पहचानना होगा। अर्थव्यवस्था इन लोगों को नहीं पहचानती है। वह इसे अनौपचारिक क्षेत्र कहते हैं। जिसका मतलब है कि हमारा उनसे कोई लेना-देना नहीं है, वह अर्थव्यवस्था का हिस्सा नहीं हैं। अर्थव्यवस्था औपचारिक क्षेत्र से शुरू होती है, इसलिए हम औपचारिक क्षेत्र के साथ व्यस्त हैं.<br><br>यदि हम केवल उन्हें वित्तीय सहायता दें , तो हम उनकी देखभाल कर सकते हैं, उन पर ध्यान दे सकते हैं, वे आगे की तरफ बढ़ रहे हैं। क्योंकि उनके पास कुछ आधारभूत चीज़ें ही हैं और वे जानते हैं कि अपने जीवन के लिए कैसे लड़ना है। लेकिन हम उनकी अनदेखी करते हैं।<br><br>इसके बाद आती हैं महिलाएं, जो सबसे अलग कर दी गई हैं। उनकी संरचना को देखिए, वो सबसे निचले पायदान पर हैं। इनकी कोई आवाज नहीं है, समाज में कुछ भी नहीं है, परंपराएं इन्हें पूरी तरह से अलग बनाती हैं। वे समाज की मूल ताकत हैं। उद्यमशील क्षमता के साथ, जब माइक्रो क्रेडिट आया और महिलाओं के पास गया, तो उन्होंने दिखाया कि उनके पास कितनी उद्यमी क्षमता है। यही कारण है कि माइक्रो क्रेडिट को न केवल बांग्लादेश, बल्कि पूरी दुनिया ने जाना, क्योंकि उन्होंने अपना महत्व दिखाया। वे लड़ सकती हैं, उनके पास कौशल है, कारीगरी और सभी प्रकार के सुंदर कौशल इनके पास है। इनको भुला दिया गया, क्योंकि ये 'अनौपचारिक' क्षेत्र से हैं। |

| | |
|---|---|
| RG | मेरा मतलब भारत, बांग्लादेश जैसे देशों की यही मूल समस्या है। यह सबसे बड़ी संपत्ति हैं। ये सूक्ष्म उद्यमी, हमारे भविष्य हैं। यह वह जगह है जहाँ पैसा लगाया जाना चाहिए, जहाँ विकास होने वाला है। लेकिन किसी कारण से व्यवस्था उनमें दिलचस्पी नहीं लेती है। हमारी व्यवस्था के लिए उनका महत्व ही नहीं है। |
| MY | बिलकुल, हमने आर्थिक, वित्तीय प्रणाली में पश्चिमी तरीके का अनुसरण किया। इसलिए हमने इस क्षेत्र में भारत, बांग्लादेश जैसे लोगों की जीवंत क्षमता के बारे में नहीं सोचा। चीजों को करने के लिए उनके पास जबरदस्त दृढ़ता है। बहुत रचनात्मक तरीका है। उस रचनात्मकता की प्रशंसा और समर्थन करना होगा। लेकिन सरकार इससे दूर है, यह अनौपचारिक क्षेत्र है, आपके पास कुछ करने को नहीं है।<br><br>ग्रामीण अर्थव्यवस्था शहरी अर्थव्यवस्था के लिए एक परिशिष्ट बन गई है। पश्चिम का पारंपरिक तरीका शहरी अर्थव्यवस्था को गतिविधियों के केंद्र के रूप में देखता है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था श्रम आपूर्तिकर्ता है, यह श्रम उत्पादक कारखाना है। और वे अपने लोगों को नौकरी खोजने के लिए शहरों में भेजेंगे, अगर आपको नौकरी नहीं मिली, तो यह आपकी बुरी किस्मत है और आप उस शहर में बंद हो जाएंगे।<br><br>हम इसके बजाय एक अलग समानांतर अर्थव्यवस्था, स्वायत्त अर्थव्यवस्था के रूप में ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था का निर्माण क्यों नहीं कर सकते। आज की स्थिति 100 साल पहले से बदल गई है। प्रौद्योगिकी ने हमें वह सुविधा दी है, जो पहले कभी नहीं थी। शहरवासी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इनके पास बुनियादी ढांचा था। ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना ही नहीं थी।<br><br>आज, बुनियादी ढांचा सिर्फ शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। आपके पास दूरसंचार है, सड़क है, परिवहन है, संचार है। सब कुछ तो है। तो ऐसा क्या है कि आपको शहर जाना है? हम एक ऐसी अर्थव्यवस्था क्यों नहीं बना सकते, जहाँ लोग मूल स्थान पर रहकर बुनियादी आजीविका प्राप्त कर सकें? |

| | |
|---|---|
| RG | लेकिन अगर आप देखें कि तकनीक किस तरह जा रही है, विकेंद्रीकरण, मोबाइल फोन, मूल रूप से कंप्यूटर जो पूरी दुनिया में फैल रहा है, जो अलग-अलग हिस्सों में प्रवेश कर रहा है। संभवतः आप एक ऐसे भविष्य को देख रहे हैं जो आपको बहुत पसंद है। क्योंकि 20 साल पहले, आप ग्रामीण अर्थव्यवस्था का उपयोग कुछ अलग तरह के काम करने के लिए कर सकते थे, जो कि आज की आवश्यकता है। जबकि प्रौद्योगिकी के साथ असहमति का कोई कारण नहीं है, विकेन्द्रीकृत विर्निमाण ग्रामीण परिवेश में नहीं हो सकता है। हालाँकि, आपको शिक्षा प्रणाली को पूरी तरह से पुनर्गठित करना होगा। आपको स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्थाओं के पूरी तरह से पुनर्गठन की आवश्यकता होगी। आपको मूल रूप से सभी चीजों का पुनर्गठन करना होगा, यदि आप उस दिशा में बढ़ना चाहते हैं। मुझे नहीं लगता कि आप वैसा सोचकर जो चाहते हैं, उसे हासिल कर सकते हैं। मुझे नहीं लगता कि यह संभव है। यह पूरी तरह से एक नयी बात है, जिसके बारे में आप बात कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता यह एक वृद्धिशील बात है। |

| | |
|---|---|
| MY | यह एक और बिंदु है, मैं अपनी बात को कोरोना महामारी की तरफ मोड़ना चाहता हूं। मैंने कहा कि कोरोना महामारी ने अचानक पूरी प्रक्रिया, पूरी आर्थिक प्रक्रिया को बंद कर दिया। अब पूरा जोर इस बात पर है कि कितनी जल्दी हम वापस उस स्थिति में आ सकते हैं। मैंने कहा, वापस जाने की क्या जल्दी है? क्या हम सबको वापस जाना चाहिए? क्योंकि वह दुनिया बहुत भयानक दुनिया थी। ग्लोबल वार्मिंग के साथ दुनिया का निर्माण हो रहा था और कुछ ही वर्षों में दुनिया की समाप्ति का काउंटडाउन चालू था, जहाँ दो-तीन दशकों में दुनिया एक ऐसे मुकाम पर होगी, जहां कोई नहीं बच सकता।<br><br>हमें उस दुनिया में वापस क्यों जाना है और केवल पूंजी आधारित और ग्लोबल वार्मिंग के साथ उस दुनिया में क्यों वापस जाना है। उस दुनिया में धन बहुत कम लोगों के पास रहा है, अधिंकाश लोगों को उस धन से कोई लेना-देना नहीं रहा है। तो हमें केवल पूंजी आधारित उस व्यवस्था में वापस क्यों जाना है? आपको उस दुनिया में वापस क्यों जाना है, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता हर किसी से रोजगार छीन रही है। अगले कुछ दशकों में व्यापक बेरोजगारी पैदा होने वाली है, क्या हमें वापस जाना है? पीछे जाना आत्मघाती होगा। इसलिए इस कोरोनावायरस ने हमें सोचने का नया मौका दिया है। आपदा में अवसर की तरह। तो यहाँ मुद्दा यह है कि जो बिंदु आपने उठाया, हम इसके बारे में नहीं सोच रहे हैं। हमें इसकी आदत हो गई है। अचानक हमने कहा, ओह, हमें मौका मिला। चलो अब,अलग तरीके से चलते हैं। और ये अलग-अलग तरीके इस प्रकार हैं। जब तक हम उन साहसिक र्निणयों को नहीं लेते, अभी यही समय है जब हम सख़्त र्निणय ले सकते हैं। यह समय चुपचाप बैठने और घर, दुकानें खुलने का जश्न मनाने का नहीं है। |

| | |
|---|---|
| RG | यह मॉडल भारतीय या बांग्लादेशी मॉडल नहीं है। यह पूरी तरह से पश्चिमी मॉडल है कि हमने लॉक स्टॉक और बैरल को अपनाया है। वास्तव में हमने इस मॉडल को अपनाया है और महसूस किया है कि यह मॉडल ऐसा नहीं है। इस मॉडल में गंभीर समस्याएं हैं। गंभीर विरोधाभास है, जो पर्यावरण को नष्ट करता है, समाज को नष्ट करता है? और अगर मैं महात्मा गांधी के बारे में सोचता हूं, जो उन्होंने 78 साल पहले कहा था कि हमें ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बारे में सोचने की जरूरत है। हमें अपनी पारंपरिक संरचनाओं के बारे में सोचने की जरूरत है। निश्चित रूप से, हमारी एक यात्रा रही है और यह एक महत्वपूर्ण यात्रा है, लेकिन मुझे लगता है कि इनमें से कुछ तरीकों पर पुनर्विचार करना चाहिए, आप जानते हैं, एक भारतीय संरचना, बांग्लादेशी संरचना और एशियाई संरचना काफी शक्तिशाली होगी। इसलिए मुझे लगता है कि मैं आपसे सहमत हूं कि इन सबमें ग्रामीण लोगों के लिए बराबरी की जरूरत है और कोरोना में हमें एक नई कल्पना का अवसर मिला है, जो बाहर के बजाय हमारे भीतर से पैदा होती है। |
| MY | इसके मूल आधार पर बिलकुल सहमत होते हुए बस एक छोटा सा संशोधन है। यह एशिया, भारत या बांग्लादेश तक सीमित नहीं है। यह पूर्ण रूप से वैश्विक घटना है। इसका प्रमाण है, जब हमने बांग्लादेश में ग्रामीण बैंक को पैसा उधार देना शुरू किया। उन्होंने सोचा कि यह बांग्लादेशी घटना है, कि यह एक दीवाना देश है, क्रेजी चीजें करते हैं। अचानक यह एशियाई हो गई। अब, यह वैश्विक है। क्योंकि यह अकेले बांग्लादेश की समस्या नहीं है। |
| RG | लेकिन यूनुस जी वहाँ इसकी प्रकृति स्थानीय है। उदाहरण के लिए मैं आप में बांग्लादेश और वहां की प्रकृति देखता हूँ। मैं मानता हूं कि केंद्रीय समस्या समान है लेकिन उसकी प्रकृति और समाधान उस जगह की संस्कृति के आधार पर थोड़ा अलग है। उदाहरण के लिए, हमारे पास जाति-आधारित समाज है। हमारे पास संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में पूरी तरह से अलग प्रकार की संरचना है जिसमें जाति-आधारित समाज नहीं है। इसलिए हमारी संरचनाएं जो उभरती हैं, वे थोड़ी अलग हैं, हालांकि समस्या समान है। |

| | |
|---|---|
| MY | मैं सहमत हूँ कि बुनियादी बातें समान है, आपके पास जाति व्यवस्था है, संयुक्त राज्य अमेरिका में जाति व्यवस्था से भी बदतर एक नस्लीय व्यवस्था है। आप एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते। यह अलग आकार, आकृति और रंगों में है। मानव संस्कृति मूल संस्कृति है। हमें मानव संस्कृति में वापस जाना होगा। हम सभी जुड़े हुए हैं और यह तब हुआ जब गरीब महिलाएँ ग्रामीण बैंक समूह में शामिल होने लगी हैं। वे नहीं सोच रही हैं कि वह इस धर्म से संबंधित है या उस धर्म से। वे इस बात की परवाह नहीं करती कि वे किस धर्म में हैं। वे एक ही समूह में हैं और अलग-अलग धर्म की पांच महिलाएं, एक साथ मिल कर, एक साथ काम करके, बहुत करीबी दोस्त बन जाती हैं।<br><br>-<br><br>तो दोष माहौल की उस बनावट में है, जो आपने उसके चारों ओर बनाया है। तो यही समय है जब कोरोनोवायरस ने उन सभी को पीछे छोड़ दिया है। इसलिए उन्हें मत जगाओ, नई व्यवस्था बनाओ। नई व्यवस्थाएँ लाएँ और नई व्यवस्थाओं की शुरुआत करें। हजारों-मील की यात्रा पहले कदम के साथ शुरू होती है। चलिए कोरोनावायरस के दौरान पहला कदम उठाते हैं। एक बहुत ही निंधारित पहला कदम। |
| RG | तो आप जो कह रहे हैं उसका मतलब है कि आपको लोगों पर विश्वास करना होगा। यही नींव है, आप उन पर विश्वास करके, उस विश्वास को सशक्त बनाने वाली संस्थाओं का निर्माण शुरू करते हैं। हम आप पर भरोसा नहीं करते हैं। आप गरीब हैं, इसलिए आपको कुछ भी समझ में नहीं आता है। इसके बजाय आप गरीब हैं, हम जानते हैं कि जरूरत के अनुसार आप सब कुछ समझते हैं। हम आपको केवल सपोर्ट देने जा रहे हैं जो आपको कामयाब और विकसित होने के अवसर देने वाला है। |

| | |
|---|---|
| MY | बिल्कुल, और फिर ग्रामीण बैंक में मेरा अनुभव, यदि आपको याद हो तो आपने 2008 में हमसे मुलाकात की थी। और आप सिर्फ एक दिन नहीं, चार-पांच दिनों के लिए आए थे। हम यह कैसे करे? उसका आधार क्या था? लोग हैरान थे कि हम उनके हाथ में इतना पैसा दे रहे हैं। उनके लिए 1000 रुपये एक बड़ी रकम है। 2,000 और 10,000 उनके लिए एक बड़ी रकम है। जिन्होंने केवल 10, 20 रुपये ही देखें हों और अब आप उन्हें 1000 दे रहे हैं।<br><br>खैर जैसा मैंने कहा, हमें उन पर विश्वास है, उनकी क्षमता पर विश्वास है और वे हम पर विश्वास करते हैं। यह आपसी विश्वास है। हमें किसी कागजात की आवश्यकता नहीं है। पूरे ग्रामीण तंत्र में, कोई कागजात नहीं है। कोई जमानत नहीं है और यह मैं सिर्फ यूं ही नहीं कह रहा हूं। मैं कहता हूं कि ग्रामीण बैंक दुनिया का एकमात्र बैंक है, जो वकील मुक्त है। हमारे पास कोई कानूनी कागजात या कुछ भी नहीं है। अगर बैंक विश्वास पर काम कर सकता है, तो इसने लोगों की बुनियादी ताकत को दिखाया है। जब हर साल अरबों डॉलर लोन के रूप में दिए जाते हैं और ब्याज के साथ वापस आते हैं, तो आप एक मजबूत संगठन बन जाते हैं। बाढ़ आती है, चक्रवात आता है, सब कुछ धुल जाता है, लेकिन ग्रामीण बैंक मजबूत हो जाता है। |
| RG | लेकिन देखिए मुझे इसका एक व्यक्तिगत अनुभव है और मुझे लगता है कि आप बिलकुल ठीक हो और आप समझ जाओगे कि मैं क्या कह रहा हूँ। मैं आपसे मिलने आया था और आप जानते हैं कि हमने उत्तर प्रदेश में लाखों महिलाओं को शामिल करने वाली एक बड़ी संस्था बनाई है। और तब मुझे एक अत्यंत शक्तिशाली संगठन मिला, लाखों महिलाऐं सशक्त बनी; लाखों महिलाओं ने गरीबी को दूर किया। तब मैंने खुद को एक सरकार के साथ पाया, जिसने इस पर हमला करने का फैसला किया। इसलिए मैं आपसे सहमत हूं लेकिन आप जो कह रहे हैं, उसमें एक टुकड़ा गायब है, जो राजनीतिक वास्तविकता है, वह यह है कि इन व्यवस्थाओं को आपने बनाया है, जैसे कि मैंने उत्तरप्रदेश में बनाया है। इससे कुछ लोगों को परेशानी होती है और फिर वे इसे नष्ट करने के लिए आते हैं और आप जानते हैं, आप समझ जाएंगे कि मैं किसकी बात कर रहा हूँ। इसलिए मैं आपको चुनौती दूंगा और मुझे यकीन है कि आप मुझे जवाब जरूर देंगे। इस माहौल में, जहां अन्य संस्थान अन्य राजनीतिक उपकरण उस संस्था के प्रकार पर हमला कर रहे हैं, जिसके बारे में आप बात कर रहे हैं। आप इसका बचाव कैसे करते हैं? और आप इसे कैसे बनाते हैं? ऐसे कौन से तत्व हैं जिनकी आपको इसमें आवश्यकता होती है, जो या तो इन अन्य संस्थानों के साथ काम कर सकते हैं या सह-विकल्प हो सकते हैं या एक समझदार प्रतियोगी के रूप में हो सकते हैं। |

| | |
|---|---|
| MY | इसी तरह सरकार जैसी कुछ संस्थाओं में चीजों को नष्ट करने और चीजों को कार्रवाई से दूर करने की जबरदस्त शक्ति होती है। लेकिन मेरी स्थिति यह है कि अगर आप लोगों के लिए कुछ कर रहे हैं और लोगों ने इसे पसंद किया और लोग इसका आनंद भी  लेते हैं। तो कोई फर्क नहीं पड़ता कि वो कितने शक्तिशाली हैं, यह एक अस्थायी अव्यवस्था है। यह वापस आ जाएगा। आप इसे रोक नहीं सकते क्योंकि यह लोगों के लिए काम करता है और अगर इसने विस्तार पा लिया और यदि आप इसे उत्तरप्रदेश में रोकते हैं, तो ये अन्य राज्य या क्षेत्र में अपनी जगह बना लेगा। जितना आपने प्रयास किया है, उससे अधिक ताकत के साथ वापस आएगा और फिर से जीवित होगा। क्योंकि यह लोगों के लिए काम करता है। यह अटूट है। अच्छे विचार अटूट होते हैं। |

| | |
|---|---|
| MY | लेकिन आप बेहतर स्थिति में जाने के बारे में कैसा महसूस करते हैं? क्या आप बेलआउट पैकेज लाने और सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि सभी बड़े उद्योग फिर से दिशा-निर्देश प्राप्त करें, यह थोड़ा सोचने का समय है। |

| | |
|---|---|
| RG | मुझे लगता है कि भारत में बड़े पैमाने पर प्रवासियों का मुद्दा था। आप जानते हैं, जिसे आप सूक्ष्म उद्यमी कहते हैं, अचानक उन्होने खुद को फंसे हुए पाया और मैंने उनमें से काफी लोगों से बात की और बार देखा कि वे क्या कर रहे थे, सचमुच उनकी दुनिया बिखर गई थी और वे अपने गाँव वापस जाने के लिए मजबूर हो गए थे। तो इसका पहला पहलू उन लोगों की तुरंत देखभाल करने की कोशिश करने का था और हमारा उद्देश्य उन्हें भोजन देना था। उन्हें बचाए रखने के लिए सीधे नकद पैसे दें। सरकार का एक अलग दृष्टिकोण था। वो वास्तव में ऐसा नहीं करते थे। वो इसे आवश्यक भी नहीं समझते थे। फिर लाखों लोग हजारों मील पैदल चलकर घर जाने का संकट झेल रहे थे। मुझे संदेह है कि बांग्लादेश में भी ऐसा था, लेकिन मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं। मुझे लगता है कि अगर आप कोरोना काल में नई कल्पना के साथ बाहर नहीं आते हैं, तो आपने एक व्यक्ति और एक राष्ट्र के रूप में एक बड़ा अवसर गंवा दिया है। मुझे लगता है कि कोरोना आपको जो बता रहा है, वह यह है कि जो आप अभी तक कर रहे थे वह समस्याग्रस्त है और आप उसे फिर से करने की कोशिश कर रहे हैं। एक नया दिन और नई कल्पना के साथ शुरू करें, निश्चित रूप से आप शासन में उस तरह से एक छलांग नहीं लगा सकते हैं, लेकिन कम से कम दिमाग वहाँ जाना चाहिए और फिर बाकी संस्थानों और अन्य चीजों का पालन करना चाहिए। इसलिए मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं कि कल्पना में बदलाव का समय आया है। मुझे लगता है कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनिया ने अपनी कल्पना को बदल दिया, आखिरी बार वास्तविक बड़ी कल्पना उसी वक़्त बदली थी और मुझे लगता है कि कोरोना एक ऐसा अवसर है कि हम चीजों को फिर से जोड़ सकते हैं और उनका पुनर्निर्माण कर सकते हैं। और मुझे भी लगता है कि हमारे जैसे देशों में अन्य देशों की तुलना में बड़ा अवसर है। सिर्फ इसलिए कि हमारे पास खेलने के लिए बहुत अधिक जगह है, इतने अधिक युवा लोग हैं और हमारे पास निर्माण करने के लिए बहुत कुछ है। पश्चिमी दुनिया जो पहले से ही अपने बुनियादी ढांचे का निर्माण कर चुकी है। |
| MY | एक और सवाल फिर से आपसे पूछना चाहता था क्योंकि आपके पास एक विशाल देश और विशाल राष्ट्र का संदर्भ है। आप भारत की अगली पीढ़ी, दूसरी पीढ़ी में क्या देखेंगे, हम दुनिया के सपने के उस हिस्से में हैं जो आप भारत की दूसरी पीढ़ी और तीसरी पीढ़ी को देना चाहते हैं। क्या यह वह रास्ता है जिसका आप अनुसरण कर रहे हैं? एक कारण की तरह, मैं यह पूछ रहा हूँ, पूरे विश्व में युवा सड़क पर "Friday's for Future" मार्च करते हुए अपने माता-पिता पर आरोप लगा रहे हैं कि आपने हमारे जीवन को नष्ट कर दिया, आप ग्लोबल वार्मिंग की दुनिया बनाने के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार हैं और आप इस बात पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं कि क्या हम जीवित रहेंगे या नहीं, हमारे जीवन के हित में क्या है। क्या आप वही महसूस करते हैं जो युवा लोग महसूस कर रहे हैं या… |

| | |
|---|---|
| RG | अगर भारत में देखें, तो लोगों में एक स्पष्ट भावना है कि कुछ बहुत गलत हो गया है और विशेष रूप से युवा लोगों में यह भावना है कि कुछ गलत हो गया है। कुछ काम नहीं हो रहा है और वे भी इस बात को देख सकते हैं, कि भारत में अमीर और गरीब के बीच का अंतर बहुत विशाल है, लेकिन यह गरीब लोगों के चेहरों पर हर दिन नजर आता है। तो बस यही सब है, जो लोगों को परेशान करता है। और इसलिए एक अर्थ यह है कि कुछ नया होना जरूरी है। एक नई कल्पना की आवश्यकता है। एक विपक्ष के रूप में हम उस पर काम कर रहे हैं, ताकि उसमें नयापन दिखे। |
| MY | वही समस्या है, यहां अरबपति बढ़ रहे हैं,आप जानते हैं कि अरबपतियों की संख्या किस कदर बढ़ रही है और बांग्लादेश या भारत जैसे देश में अरबपतियों की संख्या में  वृद्धि दर बहुत तेजी से बढ़ रही है। तो इसका मतलब है कि पैसा एक ही दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। यदि आप लोगों के बीच राजनीतिक समझ का उपयोग करें कि हम एक साथ यह प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन इससे पैदा हुए क्रोध के कारण यह गायब हो जाता है। मैं कड़ी मेहनत करता हूँ। मैं कुछ नहीं सुनता। मुझे अपनी आजीविका का पता लगाने के लिए मीलों दूर जाना होता है और मैं अपने परिवार को या अपने बच्चों को खाना नहीं खिला सकता, मुझे अपने बच्चों से दूर रहना होता है, अपने परिवार के लिए, घर के लिए अपने परिवार से दूर रहना होता है। तो, गुस्से ने पूरे समाज को अपने आगोश में ले लिया है। |
| RG | आप लालच की अवधारणा पर सवाल उठा रहे हैं? |
| MY | हमने लालच को हवा देने के लिए सब कुछ किया और फिर हमने पूरी दुनिया को नष्ट कर दिया। तो जैसा मैंने कहा यह वही मौका है, जब कोरोना ने हमें विचार करने का मौका दिया है, यह देखने के लिए कि बड़े साहसिक निर्णय कैसे लिए जा सकते हैं, ये वही साहसिक निर्णय हैं। एक सामान्य स्थिति में इन सब चीजों पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। हम पैसा कमाने में इतने व्यस्त हैं। तो जैसा मैंने कहा कि कोरोनोवायरस ने हमें राहत दी है, हमें सोचने का अवसर दिया है और हमारे पास अब एक विकल्प है कि क्या हम उस भयानक दुनिया में जाएँ जो अपने आप को तबाह कर रही है, या हम एक नई दुनिया के निर्माण की तरफ जाएं, जहां पर कोई ग्लोबल वार्मिंग, केवल पूंजी आधारित समाज, कोई बेरोजगारी नहीं होगी। यह संभव है। |
| RG | बिलकुल, आपके समय के लिए बहुत बहुत धन्यवाद और अब ज्यादा समय नही लेंगे, लेकिन यह हमेशा हमारे लिए खुशी की बात है। यहाँ आने का कोई अवसर? |

| | |
|---|---|
| MY | बिलकुल, कोरोना के जाने के बाद। |
| RG | जब यह सब ठीक हो जाएगा तो हम आपसे मिलने के लिए उत्सुक हैं। परिवार और संगठन में सभी को मेरा प्यार। |